हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, रविवार 17 दिसंबर 2023

15 ग्रामीण उठा रहे योजनाओं का लाभ



16 बीस को हड़ताल का ऐलान सब्जी मंडी को बंद रखेंगे



## खबर संक्षेप

### अस्पताल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने रतिया के निजी अस्पताल के बाहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे रतिया पुलिस को दी शिकायत में पंजाब के मानसा जिले के गांव जलवेड़ा निवासी हरदीप सिंह ने कहा है कि उसकी लड़की का रतिया के आजाद मार्किट स्थित एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। गत दिवस उसने अपने मोटरसाइकिल को अस्पताल के बाहर खड़ा किया था। कुछ देर बाद जब वह अस्पताल से बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस गाड़ी में फैंका सुल्फा, आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** टोहाना में पेशी के लिए लाए आए युवक के लिए उसके दोस्त ने पुलिस गाड़ी में सुल्फा फैंकने का मामला सामने आया है। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर सुल्फा बरामद कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को दी शिकायत में फतेहाबाद पुलिस के ज्यूडिशियल गार्द के इंचार्ज ईएएसआई भगत राम ने कहा है कि गत दिवस वे पुलिस कर्मचारियों के साथ सैन्ट्रल जेल हिसार से तीन आरोपियों को टोहाना में पेशी के लिए लेकर आए थे। उन्होंने तीनों आरोपियों को गाड़ी से उतारकर गाड़ी को कोर्ट परिसर के सामने साइड में खड़ी कर दी। शाम 4 बजे आरोपियों को बैठाने के लिए चालक ने गाड़ी को आगे लगा दी। जब वे तीनों युवकों को गाड़ी में बैठाने लग तो एक युवक ने गाड़ी में कुछ सामान फैंक दिया। इसी दौरान पुलिस कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए उक्त युवक को काबू कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम राजेन्द्र कुमार निवासी किला मोहल्ला टोहाना बताया। पुलिस ने जब गाड़ी की तलाशी ली तो गाड़ी से बत्तीनुमा आकार का नशीला पदार्थ सुल्फा बरामद हुआ। पूछताछ में राजेन्द्र ने बताया कि वह यह सुल्फा अपने दोस्त विनोद उर्फ बान्दर निवासी किला मोहल्ला टोहाना को देने के लिए लेकर आया है, उसकी आज कोर्ट में पेशी थी। इस पर उसे टोहाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### धारसूल में मकान से लाखों के गहने व नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव धारसूल खुर्द में एक मकान में घुसकर वहां से लाखों के गहने व नकदी चोरी कर ली। इस बारे सूचना मिलते ही सदर टोहाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव धारसूल खुर्द निवासी बलवान सिंह ने कहा है कि गत

# आरोपी पार्षद डीगवाल का दुड़ाराम की पंचायत में आने से इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नगरपरिषद प्रधान खेमे के पार्षद सुरेन्द्र डीगवाल द्वारा उपप्रधान खेमे की पार्षद नीलांशी शर्मा के साथ कथित छेड़छाड़ के मामले में शनिवार को तीसरे दिन भी कोई सुलह नहीं हो सकी। शनिवार देर शाम को विधायक दुड़ाराम के प्रतिष्ठान पर उपप्रधान खेमे के 8 पार्षद सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे और वहां आरोपी पार्षद सुरेन्द्र डीगवाल ने आना था। सुलह करवा रहे लोगों द्वारा कई बार सूचना देने के बावजूद आरोपी पार्षद मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे मामला फिर लटक गया। बताया जाता है कि आरोपी पार्षद ने विधायक प्रतिष्ठान पर आने से इंकार कर दिया। पीड़ित पक्ष के लोगों का कहना है कि अब वह इस मामले को न्यायालय में देखेंगे। बता दें कि वार्ड नंबर 2 की पार्षद नीलांशी शर्मा ने बुधवार देर रात वार्ड 3 के पार्षद सुरेंद्र डीगवाल पर फोन पर भद्दी गालियां देने के आरोप लगाए हैं। नीलांशी शर्मा अपने पिता सुनील शर्मा और अन्य परिजनों के साथ धर्मशाला रोड पर सुरेंद्र डीगवाल के घर के बाहर पहुंचे और धरना दे दिया। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर नगरपरिषद उपप्रधान सविता टुटेजा और अन्य कई पार्षद भी पहुंच गए थे और इस मामले में कार्रवाई की मांग की थी। इस मामले में पुलिस ने नीलांशी शर्मा की शिकायत पर पार्षद सुरेंद्र डीगवाल के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया था। दोनों पार्षदों के बीच पैदा हुए इस विवाद को नगरपरिषद प्रधान राजेन्द्र खिच्ची और उपप्रधान सविता टुटेजा के बीच वर्चस्व को लेकर चल रही लड़ाई से जोडक़र देखा जा रहा है। इस विवाद से पहले नगरपरिषद के प्रधान राजेन्द्र खिच्ची जहां विधायक समर्थित उपप्रधान गुट पर हावी नजर आ रहे थे वहीं अपने समर्थक पार्षद की करतूत के बाद उन्हें बैकफुट पर आना पड़ा था।




## महिला पार्षद बोली, अब कोर्ट में होगा फैसला

### आरोपी पार्षद की गिरफ्तारी नहीं

हालांकि केस दर्ज होने के बाद अभी आरोपी पार्षद की गिरफ्तारी नहीं हुई है वहीं कुछ लोग दोनों पक्षों के बीच बातचीत कर मामले को निपटाने के प्रयासों में लगे थे। इसी को लेकर शनिवार शाम को विधायक के प्रतिष्ठान पर बैठक बुलाई गई थी जिसमें प्रधान और उपप्रधान दोनों पक्षों के पार्षदों को बुलाया गया था। बैठक में उपप्रधान पक्ष के 8 पार्षद और सुलह करवाने वाले लोग तो पहुंच गए लेकिन आरोपी पार्षद सुरेन्द्र डीगवाल मौके पर नहीं आए, जिसके चलते यह मामला आज भी नहीं निपट पाया। बताया जाता है कि आरोपी पार्षद सुरेन्द्र डीगवाल ने विधायक प्रतिष्ठान पर आने से इंकार कर दिया। अब नीलांशी ने मामले को कोर्ट ले जाने और अदालत में बयान दर्ज करवाने की बात कही है।

- कथित छेड़छाड़ के मामले में नहीं हो सकी सुलह
- विधायक के प्रतिष्ठान पर बैठक बुलाई गई थी

# समैण पहुंचे पंचायत मंत्री का हुआ विरोध

## गांव में पुलिस बल रहा तैनात



**फतेहाबाद।** गांव समैण में मंत्री को काले झंडे दिखाते ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शनिवार को गांव समैण पहुंचे विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। सरपंच एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष और समैण के सरपंच रणबीर गिल की अगुवाई ने ग्रामीणों ने मंत्री का विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी की। मंत्री के पहुंचने से पहले ही ग्रामीण कार्यक्रम स्थल के बाहर काले झंडे लेकर खड़े हो गए थे। ग्रामीणों के विरोध की आशंका को देखते हुए पहले ही कार्यक्रम स्थल पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई थी और हर व्यक्ति की जांच के बाद ही उसे कार्यक्रम स्थल में प्रवेश दिया जा रहा था। जैसे ही मंत्री कार्यक्रम में पहुंचे तो ग्रामीणों ने काले झंडे दिखाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। शनिवार को समैण गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली ने आना था। सरकार व मंत्री का सालभर से विरोध कर रहे सरपंच एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर सिंह गिल समैण गांव के ही सरपंच हैं। आज फिर गांव में बबली के पहुंचने पर विरोध हो गया। प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे सरपंच एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर गिल ने कहा कि यह पंचायत मंत्री का विरोध है और पपंचायती राज को बचाने के लिए सरपंच आंदोलनरत हैं। मंत्री के बहिष्कार का पहले ही ऐलान किया हुआ है। उन्होंने मंत्री बबली पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे टोहाना हलके के पैसे को बर्बाद कर दिया है।

### यह बोले मंत्री

*पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली ने विरोध को लेकर कहा कि कुछ लोग अपने आप को हर समय हाईलाइट करना चाहते हैं, लेकिन वयात्रा के दौरान यह राजनीति नहीं होनी चाहिए। विकास मोदी की गारंटी है, यदि कोई मुद्दा है तो संविधान ने आवाज उठाने का हक दिया है, लेकिन इस प्रकार दबंगता न दिखाएं। गांव को विकास के मामले में आगे बढ़ाएं। गांव समैन में पहले से ही ढाई करोड़ आया हुआ है और जल्द ही तीन करोड़ और आने हैं, इसलिए विकास को रोकना सही बात नहीं है।*

## टुईयां के कालू को पीट-पीटकर मार डाला था, पुलिस पर मिलीभगत का आरोप

# हत्यारोपियों की गिरफ्तारी न होने पर परिजनों ने घेरा सचिवालय, शव लेने से इनकार

### आरोप

**पूरा भट्टू थाना बिका हुआ, 9 को बुरी तरह युवक को पीटा, 14 को दम तोड़ा, 16 तक कोई गिरफ्तारी नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद के भट्टू खंड के गांव ठुईयां में बीते दिनों एक युवक की बुरी तरह पिटाई करने और फिर युवक की मौत के मामले में दो दिन बाद भी कोई गिरफ्तारी न होने खफा परिजनों व ग्रामीणों ने शनिवार को फतेहाबाद सचिवालय का घेराव किया।

काफी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने भट्टू पुलिस कर्मचारियों पर आरोपियो से सांठ-गांठ के आरोप लगाए और कहा कि जब तक पुलिस सभी 8 आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करती, वे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज न तो शव लेने जाएंगे और न ही मृतक का अंतिम संस्कार करेंगे। जेजेपी के जिला अध्यक्ष रविंद्र बेनीवाल व एडवोकेट रजत कल्सन भी प्रदर्शन में शामिल हुए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई। बता दें कि गांव ठुईयां निवासी गंगा राम ने बीते दिन पुलिस को शिकायत देकर बताया कि 9 दिसम्बर की रात को उसका सबसे छोटा बेटा कालू राम घर के बाहर खड़ा था तो शराब के नशे में ओमप्रकाश आया और उसके बेटे को गालियां निकाली, जिस पर उसके बेटे ने गाली निकालने से रोक दिया था। उसका कहना है कि इसके बाद ओमप्रकाश कुछ लोगों के साथ लाठियां लेकर आया और उसके बेटे को पीटना शुरू कर दिया। बाद में उसके बेटे को घसीटते हुए बलवान के घर ले गए, वहां भी उसे बुरी तरह पीटा गया। शिकायतकर्ता के अनुसार जिसके बाद जब गांव वासी व परिवारजन वहां पहुंचे तो आरोपी भाग निकले। घायल को कालूराम को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां 14 दिसम्बर की रात को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पिता की शिकायत पर ओमप्रकाश, कृष्ण, योगेश, राहुल, देवेंद्र, बलवान, सावित्री, अजय के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 302, 323, 342, 506 व एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। इसके साथ ही परिजनों ने इन धाराओं के साथ साथ 365 व 120 बी जोड़ने, आरोपियों को गिरफ्तार करने, 50 लाख का मुआवजा देने, परिवार को एक सरकारी नौकरी देने व सुरक्षा हेतु दो शस्त्र लाइसेंस देने की मांग उठाई है।



**फतेहाबाद।** गांव ठुईयां में युवक की मौत मामले में लघु सचिवालय में पहुंचे लोग।

### दबाव सहन नहीं करेंगे : कल्सन

*रजत कल्सन ने पुलिस पर ढुलमुल रवैया अपनाने के आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि अनुसूचित समाज की कोई भेड़ बकरी नहीं मरी, बल्कि जवान युवक को मारा गया है, इसलिए जब तक सभी की गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक अग्रोहा मेडिकल कॉलेज से शव को नहीं लिया जाएगा और अंतिम संस्कार भी नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि जो लोग इस मामले में समझौते के लिए दबाव बनाएंगे, उनके खिलाफ भी हत्या व एससी एसटी एक्ट में मामला समझौता करवाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।*

### मृतक का भाई बोला : पूरा थाना बिका हुआ

*मृतक कालू राम के भाई धोलू ने आरोप लगाया कि भट्टू पुलिस इस मामले में सख्त रुख नहीं अपना रही, पूरा थाना बिका हुआ है। कालू राम को 9 दिसम्बर की रात को बुरी तरह पीटा गया तो कोई एक्शन नहीं लिया गया। 14 दिसम्बर की रात को जब कालू राम की मौत हुई तो हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया, लेकिन अब आरोपियों को नहीं पकड़ा जा रहा। उसने कहा कि कालू राम को इतना पीटा गया कि डॉक्टरों को यहां तक कहना पड़ा कि इसका हार्ट किडनी सहित सारे अंग खत्म हो गए हैं और पैर भी काटने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इस मामले में जिस तरह से पुलिस का रवैया है, उससे लगता है कि वह आरोपियों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि उनके भाई को मारने के बाद किसी महिला के घर के पास फेंककर यह आरोप लगाया कि उसके साथ गलत काम कर रहा था।*

### परिवार को दिलाएंगे न्याय : बैनीवाल

*जेजेपी जिला अध्यक्ष रविंद्र बेनीवाल ने बताया कि यह उनके खुद के गांव का मामला है इसलिए वे पार्टी बाजी से नहीं बल्कि गांव के गरीब परिवार को न्याय दिलवाने की मांग को लेकर पहुंचे हैं। लोग बार बार प्रशासन के चक्कर काटते रहे, लेकिन उनकी सुध नहीं ली गई। उन्होंने कहा कि प्रशासन ठोस कदम नहीं उठाता तो इस मामले में कमेटी गठित कर आगामी निर्णय लिया जाएगा।*

# दो और गांवों में तोड़े मंत्री के नाम के उद्घाटन पत्थर

- अब तक इंदाछोई, कन्हड़ी व डांगरा में भी बबली के तोड़े जा चुके हैं पत्थर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टोहाना में पंचायत मंत्री द्वारा विभिन्न विकास कार्यों के शरारती तत्वों द्वारा मंत्री के नाम के लगे उद्घाटन व शिलान्यास पत्थरों का तोड़ने के मामले भी बढ़ रहे हैं। ऐसे ही एक मामले गांव नांगली व मंत्री के गांव बिढ़ाईखेड़ा में सामने आए है। यहां भी शरारती तत्वों ने एक उद्घाटन पत्थरों को तोड़ डाला। इससे पहले गांव इंदाछोई, कन्हड़ी व डांगरा में भी ऐसे ही मामले सामने आ चुके हैं। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में ग्राम पंचासयत नांगली की सरपंच पूनम रानी ने कहा है कि प्रदेश के पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली द्वारा 13 दिसम्बर को गांव में किए गए विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया था। पंचायत द्वारा भीमेवाला रोड पर बलजीत के खेतों के रास्ते पर एक उद्घाटन पत्थर लगाया गया था। रात को अज्ञात शरारती तत्वों ने उद्घाटन के बोर्ड को तोड़कर गिरा गया। सुबह जब उन्हें इस बारे पता चला तो सरपंच ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### मामले की होगी जांच

पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ सार्वजनिक सम्पति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में केस दर्ज किया है। दूसरे मामले में पुलिस को दी शिकायत में गांव बिढ़ाईखेड़ा के सरपंच रमेश कुमार ने कहा है कि गांव में सनियाना रोड से दीवान सिंह, जगराम व महावीर के खेत के रास्ते का उद्घाटन गत दिवस पंचायत मंत्री द्वारा किया गया था। 14 दिसम्बर की रात को अज्ञात शरारती तत्वों ने मंत्री के नाम के उद्घाटन स्ट्रक्टर को गिरा दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# मार्केट फीस की बढ़ोतरी वापस लेने की मांग, सौंपा ज्ञापन



*सिरसा। सब्जी मंडी व्यापारी प्रधान गंगाराम बजाज के नेतृत्व में मार्केट कमेटी में एकत्रित हुए और सरकार द्वारा मार्केट फीस में बढ़ोतरी की निंदा करते हुए इसे वापिस लेने की मांग की। मार्केट कमेटी सचिव को ज्ञापन सौंपने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए सब्जी मंडी एसोसिएशन के प्रधान गंगाराम बजाज व सब्जी मंडी व्यापारियों ने कहा कि मार्केट फीस में बढ़ोतरी का सभी विरोध करते हैं। सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि अगर आगामी 19 दिसंबर तक सरकार ने फीस बढ़ौतरी के निर्णय को वापस न लिया, तो आगामी 20 दिसंबर को प्रदेश की सभी सब्जी मंडियां बंद होंगी। उसके बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल की तरफ कदम बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस व्यवसाय में जो व्यापारी काम करते हैं उसमें इतना मार्जिन नहीं होता। कच्चे माल का उत्पादन भी मौसम पर निर्भर करता है। ऐसे में सरकार द्वारा फीस को बढ़ाकर लेना जायज नहीं है। इस मौके पर काफी संख्या में सब्जी मंडी व्यापारी मौजूद थे।*

# राज्यस्तरीय प्रश्नोत्तरी में सैनिक स्कूल खाराखेड़ी के कैडेट्स छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित हरियाणा राज्ल्य स्तरीय स्कूल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सैनिक स्कूल खाराखेड़ी के कैडेट लव कुमार और कैडेट आदित्य कुमार तिवारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया। बाल कल्याण परिषद द्वारा फतेहाबाद में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली दो टीमों को डिवीजन लेवल पर सिरसा में हुई प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिला जिसमें सैनिक स्कूल के दोनों कैडेट्स ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। बाल भवन रेवाड़ी में पूरे हरियाणा की 6 डिवीजनों से कुल 12 टीमों ने राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें इन दोनों कैडेट्स ने राज्य स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त करके अपना लोहा मनवाया। स्कूल प्रशासन द्वारा कैडेट लव कुमार, कैडेट आदित्य तिवारी और अध्यापक रोहित का स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया।



**फतेहाबाद।** प्रतियोगिता में अव्वल कैडेट्स को बधाई देते स्कूल प्रबंधक।

**संबोधन** 24 की किसान मजदूर जन आक्रोश रैली में भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान

# भाजपा की नीतियों से हर वर्ग दु:खी : डॉ. वीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में 24 दिसंबर को सिरसा के सेक्टर 19 ग्राउंड में होने वाली किसान मजदूर जन आक्रोश रैली में लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का आह्वान करने के लिए गांव भोडा, खारा खेड़ी, सरवरपुर, बोदीवाली, कुम्हारिया, किरढान, बनावाली, ठोबा ढाणी, बनगांव आदि दर्जनों गांव का दौरा किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने कहा कि काले कृषि कानूनों के लिए स्वयं की आहूति देने वाले 750 किसानों को जनता हमेशा याद रखेगी। अगर भाजपा सरकार की यह सोच है कि किसान आंदोलन के दौरान शहादत देने वाले किसानों को हम भूल जाएंगे तो यह सरकार की ओछी मानसिकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शहीद किसानों का बलिदान व्यर्थ नहीं होगा। डॉ. सिवाच ने कहा कि प्रदेश सरकार ने न केवल किसानों के साथ बल्कि कर्मचारियों के साथ भी धोखा किया। भाजपा की नीतियों से हर वर्ग दु:खी है। सरकार हर बार अपने वादे से मुकर जाती है। प्रदेश के हर नागरिक का इस सरकार से विश्वास उठ चुका है। डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने कहा कि हुड्डा के कार्यकाल में किसानों, मजदूरों के हितों को लेकर अनेक योजनाएं शुरू की थी। प्रदेश सरकार ने किसानों और मजदूरों को कुचलने का काम किया है।



**फतेहाबाद।** किसान मजदूर जन आक्रोश रैली को लेकर जनसम्पर्क अभियान चलाते डॉ. विरेन्द्र सिवाच।

### नौकरी देने की बजाय छीनने का काम कर रही है सरकार

*कांग्रेस नेता डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने कहा कि प्रदेश में उद्योगों के माध्यम से 75 प्रतिशत युवाओं को नौकरी देने की घोषणा की थी मगर सरकार ने नौकरी देने के बजाय नौकरी छीनने का कार्य किया है। युवाओं के लिए घोषणाएं सिर्फ एक जुमला बन कर रह गई है। सरकार सिर्फ भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। भारतीय जनता पार्टी ने हर साल दो करोड़ों युवाओं को नौकरी देने व 35 रुपए प्रति लीटर पेट्रोल-डीजल देने व 250 रुपए रसोई गैस सिलेंडर देने का वादा किया था मगर भाजपा सरकार सिर्फ झूठी घोषणाएं व बातों की सरकार है। इस सरकार की नीयत व नीतियों से व्यापारी, किसान, मजदूर व आम जनता बेहद दुखी है। डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने मौजूद लोगों से कहा कि चाहे किसानों का मुआवजा हो, यूरिया की बात हो, खाद बीज की बात हो, बेरोजगारी का मुद्दा, महंगाई हो इन सब को लेकर जनता रोष में भरी हुई है। इस बार लोग भूपेंद्र सिंह हुड्डा की राह देख रहे हैं जो हरियाणा की जनता को इन मुसीबतों से छुटकारा दिलाएंगे और प्रदेश में भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में दोबारा ऐसी सरकार बनेगी जहां किसान को उनका*

# अगले साल के लिए ऐसा बनाएं पोर्टफोलियो, रहेंगे फायदे में

**इक्विटी, डेट और गोल्ड के सही बैलेंस से मिलेगा हाई रिटर्न, राजनीतिक निरंतरता भी बाजार के आत्मविश्वास को बढ़ा रही**

- वर्तमान वैल्युएशन पर, लार्जकैप में मिडकैप और स्मॉलकैप की तुलना में अधिक सेफ्टी मार्जिन
- शेयर बाजार रोज नए रिकॉर्ड बना रहा, सभी फंडों में दिख रहा उछाल, दे सकता है बढ़िया रिटर्न
- बाजार की लेटेस्ट रैली में सेंसेक्स 70500 के लेवल से पार गया, निवेशकों ने करोड़ों कमाए
- निफ्टी भी 21150 के पार निकला और लाखों निवेशकों को दे गया अच्छा मुनाफा

बिजनेस डेस्क

अगर आप निवेशक हैं या निवेश करने जा रहे हैं और अगले साल अच्छा मुनाफा चाहते हैं जो कुछ बातें पल्ले गांठ बांध लें और निवेश के लिए तैयार हो जाएं। अपने पोर्टफोलियों को इक्विटी, डेट और गोल्ड के सही बैलेंस से मजबूत बना लें और अच्छा मुनाफा कमाने के लिए तैयार हो जाएं। इससे आपको हाई रिटर्न मिलेगा और आप आसानी से मालामाल हो जाएंगे। राजनीतिक निरंतरता भी बाजार के आत्मविश्वास को बढ़ा रही हैं। जो निवेशकों के लिए बेहद फायदेमंद हैं। तो आप भी निवेश के लिए तैयार हो जाएं और नए साल से पहले अपने पोर्टफोलियो को रीबैलेंस करने के बारे में विचार करें। वैसे भी शेयर बाजार रोज नए रिकॉर्ड बना रहा है।

बाजार की लेटेस्ट रैली में सेंसेक्स 70500 के लेवल को पार कर गया तो निफ्टी भी 21150 के पार निकल गया। साल 2023 में दोनों इंडेक्स में 16 से 17 फीसदी तेजी आई है। ऐसे में बाजार का वैल्युएशन एक चिंता वाली बात है। इसलिए नए साल के पहले अलग-अलग एसेट क्लास मसलन इक्विटी, डेट और गोल्ड में अपना पैसा बैलेंस तरीके अलोकेट करना चाहिए, ताकि पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफाइड तरीके से मजबूत किया जा सके। साथ ही आने वाले दिनों में रिस्क कम करते हुए बेहतर रिटर्न हासिल हो सके। बाजार के जानकारों का कहना है कि इस साल आप सधी शुरूआत के साथ बाजार में उतरेंगे और अपनी रिस्क क्षमता के साथ सावधानीपूर्वक बाजार का मंथन कर निवेश करेंगे तो बेहद कम समय में ही मालामाल होकर अपने भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित कर लेंगे। इस रिपोर्ट में हम आपको कुछ ऐसे ही ऐसेट्स बताएंगे जो आपको निवेश करने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं। हलांकि बाजार में उतार-चढ़ाव तो बना ही रहता है।

## अभी किस एसेट पर क्या व्यू

- इक्विटीः ओवरवेट - बेहतर मैक्रो के चलते बाजार में रहेगी तेजी
- डेट : न्यूट्रल
- गोल्ड : न्यूट्रल
- **इक्विटीः** रैली बनाए रखने पर बाजार की नजर

कई ब्रोकरेज हाउस के अनुसार फेवरेबल मैक्रोज के चलते बाजार की अभी एक और रैली पर नजर है। ओवरआल इक्विटी मार्केट के पक्ष में मैक्रोइकोनॉमिक आउटलुक में बदलाव के कारण नवंबर 2023 भारतीय इक्विटी मार्केट के लिए एक रिकवरी महीना साबित हुआ, जिसके चलते निफ्टी ने 1 दिसंबर, 2023 को 20,268 के आल टाइम हाई को टच कर लिया और निवेशकों को बेहतर मार्जन दिया। कई मैक्रोइकोनॉमिक पैरामीटर्स में सुधार से मसलन, अमेरिका में 10-साल की बॉन्ड यील्ड में कूल-ऑफ, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, हाई-फ्रीक्वेंसी इंडीकेटर्स में सुधार, क्यू-2एफवाई-24 में मजबूत अर्निंग, और राज्य चुनावों में सत्ताधारी दल के बेहतर प्रदर्शन। सभी चीजें बाजार के अनुकूल दिखाई दे रही हैं। ऐसे में निवेशकों को घबराना नहीं चाहिए। हालांकि थोड़े लंबे समय के लिए निवेश करना चाहिए।

## निफ्टी के लिए बड़ा टारगेट

कुछ ब्रोकरेज हाउस का कहना है कि वर्तमान वैल्युएशन पर, लार्जकैप में मिडकैप और स्मॉलकैप की तुलना में अधिक सेफ्टी मार्जिन दिख रहा है। बहरहाल, ब्रॉडर इंडियन मार्केट की लॉन्ग टर्म स्टोरी आकर्षक बनी हुई है और इस संदर्भ में,



'ग्रोथ ऐट ए रीजनेबल प्राइस' थीम अभी के माहौल में आकर्षक लग रही है। ब्रोकरेज ने दिसंबर 2024 के लिए निफ्टी का टारगेट बढ़ाकर 23,000 कर दिया है। यह और निवेशकों को लुभाने वाली बात है।

## अर्थव्यवस्था में जारी रहेगी मजबूती

विधानसभा चुनावों में 4 प्रमुख राज्यों में से 3 में भाजपा के धमाकेदार प्रदर्शन के बाद यह मैक्रोइकोनॉमिक नैरेटिव और मजबूत हुआ है। 2024 के आम चुनावों में राजनीतिक निरंतरता की इस कहानी ने बाजार के आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया है। इससे नीतिगत निरंतरता पर विजिबिलिटी भी बढ़ी है, जिससे घरेलू अर्थव्यवस्था को अपनी विकास गति को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। पिछले कुछ महीनों में मिडकैप और स्मॉलकैप की मजबूत पकड़ के साथ, हमारा मानना है कि लार्जकैप की तुलना में कुछ पॉकेट्स में मौजूदा स्तरों पर सेफ्टी मार्जिन कम हो गया है। जानकारों का कहना है कि अर्थव्यवस्था मजबूत रहेगी।

## कहां व कितना करें निवेश

| परिसंपत्ति | जोखिम | रूढ़िवादी | ग्रोथ | अग्रेसिव | |
|---|---|---|---|---|---|
| इक्विटी | 0% | 20% | 50% | 70% | 90% |
| सोना | 70% | 70% | 35% | 15% | 5% |
| ऋण | 30% | 10% | 15% | 15% | 5% |
| कुल | 100% | 100% | 100% | 100% | 100% |

## सोनाः 'गिरावट पर खरीदें'



गोल्ड पर ब्रोकरेज हाउस ने न्यूट्रल स्टांस जारी रखा है और 'गिरावट पर खरीदारी' की रणनीति की सलाह दी है। इससे आपको अगले साल बेहतर रिटर्न मिल सकता है। स्वर्ण बाजार के जानकारों का मानना है कि अगले साल सोना 65 से 70 हजार प्रति दस ग्राम तक के स्तर को भी छू सकता है। गोल्ड में निवेशकों को अच्छा मार्जन मिलने के संकेत मिल रहे हैं। वहीं, कहा भी जाता है कि सोने में निवेश सबसे सुरक्षित है। हालांकि जानकार सोने को गिरावट के बाद ही खरीदने की सलाह दे रहे हैं।

### बॉन्ड मार्केट

ब्रोकरेज हाउस ने जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर कुछ नोन-एएए एक्सपोजर वाले बॉन्ड के लिए क्वालिटी अप्रोच का रिकमेंडेशन करते हैं।

### करंसी मार्केट को डायरेक्शन देने वाले इवेंट

1) एफओएमसी मीटिंग में ब्याज दरों को लेकर आगे क्या फैसला आता है
2) विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ग्रोथ
3) तेल की कीमतें
4) कमोडिटी प्रॉसेस की दिशा
5) महंगाई और विकास की गतिशीलता
6) फॉरेन फ्लो की दिशा



- निवेश में विविधता लाएं, निवेश बढ़ाते जाएं
- अपने पोर्टफोलियो का नए सिरे से आकलन करें
- बाजार के मूड और माहौल के हिसाब से करें निवेश
- अलग-अलग एसेट क्लास में अपना पैसा अलोकेट करें
- अक्टूबर इक्विटी मार्केट के लिए सबसे अस्थिर महीना रहा

# डायवर्सिफिकेशन के सूत्र को अपनाएं

बिजनेस डेस्क

अगर आप निवेशक हैं तो आपको अपने पोर्टफोलियो का नए सिरे से आकलन करना चाहिए। न सिर्फ आकलन करना चाहिए, बल्कि बाजार के मूड और माहौल के हिसाब से अलग अलग एसेट क्लास में अपना पैसा अलोकेट करना चाहिए, ताकि आपके पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफिकेशन मिले और रिस्क को मैनेज करते हुए बेहतर रिटर्न हासिल हो सके। किस मार्केट साइकिल में आपको कितना पैसा कहां मसलन इक्विटी, गोल्ड, बांड या ऐसे दूसरे एसेट एसेट क्लास में होना चाहिए, इसका अपना खास महत्व है। एक ब्रोकरेज हाउस ने मल्टी एसेट अलोकेशन को लेकर अपनी एक रिपोर्ट दी है। इस रिपोर्ट में उसने कई अहम बिंदुओं को उठाया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि आप किस तरह से अपने पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफाई कर खुद को अमीर बना सकते हैं और कैसे अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

## अभी किस एसेट पर क्या है व्यू

### इक्विटी-'रीजनेबल प्राइस पर ग्रोथ'

रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर 2023 की बात करें तो यह इक्विटी मार्केट के लिए एक अस्थिर महीना साबित हुआ, क्योंकि इस दौरान निफ्टी 50 टॉप लेवल से 6 फीसदी तक करेक्ट हुआ है। इस गिरावट का कारण बनने वाले कुछ महत्वपूर्ण फैक्टर थे। पहलाः यूएस 10-ईयर बांड यील्ड में ग्रोथ। दूसराः मिड ईस्ट में चल रहे जियो-पॉलिटिकल टेंशन। तीसराः बढ़ती और अस्थिर कच्चे तेल की कीमतें। चौथाः कंजम्पशन ग्रोथ में नरमी।

### ये रहे विनर

हालांकि, स्मॉल और मिडकैप पिछले एक साल में 29% और 25% की ग्रोथ के साथ विनर रहे हैं। यहां से आगे, बाजार में एक स्टाइल और सेक्टर रोटेशन देखने की संभावना है, पिछले कुछ महीनों में मिडकैप और स्मॉलकैप की मजबूत पकड़ के साथ, ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि लार्जकैप की तुलना में कुछ पॉकेट्स में मौजूदा स्तरों पर सेफ्टी मार्जिन कम हो गया। इसे ध्यान में रखते हुए, ब्रॉडर मार्केट में निकट अवधि में कुछ समय के लिए करेक्शन देखा जा सकता है और फ्लो लार्जकैप की ओर ट्रांसफर होने की संभावना है।

### ये सेफ्टी मार्जिन दे रहे

मौजूदा वैल्युएशन पर, हाई बांड यील्ड, बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों और मजबूत डॉलर सूचकांक के मौजूदा सीनेरियो के बीच लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप की तुलना में अधिक सेफ्टी मार्जिन प्रदान करते हैं। बहरहाल, ब्रॉडर मार्केट की लॉन्ग टर्म स्टोरी आकर्षक बनी हुई है और इस संदर्भ में, 'रीजनेबल प्राइस पर ग्रोथ' थीम वर्तमान समय में आकर्षक लग रही है। ब्रोकरेज ने दिसंबर 2023 के लिए निफ्टी का टारगेट 20,200 पर बनाए रखा है।

### बॉन्ड मार्केट

कुछ ब्रोकरेज हाउस जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर कुछ नॉन-एएए एक्सपोजर वाले बॉन्ड के लिए क्वालिटी अप्रोच का रिकमेंडेशन करते हैं।

### गोल्ड

गोल्ड पर ब्रोकरेज हाउस ने न्यूट्रल स्टांस जारी रखा है और 'गिरावट पर खरीदारी' की रणनीति की सलाह दी है।

### करंसी मार्केट को ये देते हैं दिशा

1. एफओएमसी मीटिंग में ब्याज दरों को लेकर आगे क्या फैसला आता है
2. विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ग्रोथ
3. तेल की कीमतें
4. कमोडिटी प्रॉसेस की दिशा
5. महंगाई और विकास की गतिशीलता
6. विदेशी प्रवाह की दिशा

# क्रेडिट कार्ड ईएमआई में क्यों करना पड़ता है 18% ज्यादा भुगतान

- क्रेडिट कार्ड के खर्च को ईएमआई में तब्दील करना चाहते हैं, तो जान लें जरूरी बातें
- ईएमआई में आम तौर पर बताए गए ब्याज से ज्यादा भुगतान करना होगा
- यहां तक कि नो कॉस्ट ईएमआई भी बिना लागत नहीं होती

बिजनेस डेस्क

यह बात तो आम तौर पर सभी लोग जानते हैं कि क्रेडिट कार्ड की बकाया रकम को ड्यू डेट यानी देय तारीख तक पूरी तरह नहीं चुकाने पर काफी भारी-भरकम ब्याज देना पड़ सकता है। यह ब्याज कई बार सालाना 42 फीसदी तक भी हो सकता है। इसके अलावा कई बार लेट पेमेंट पेनाल्टी के तौर पर भी मोटी रकम देनी पड़ सकती है, लेकिन अगर आपने क्रेडिट कार्ड से कोई बड़ी खरीदारी की है और ड्यू डेट तक पूरी रकम चुकाना मुश्किल हो रहा है, तो एक उपाय पूरे पेमेंट को ईएमआई में तब्दील करने का होता है। ऐसी ईएमआई पर लगने वाला इंटरेस्ट उस ब्याज के मुकाबले कम होता है, जो पूरी रकम का भुगतान नहीं करने पर देना पड़ता है, लेकिन क्या आपको पता है कि क्रेडिट कार्ड की ईएमआई में बताए गए ब्याज के अलावा 18% एक्स्ट्रा कॉस्ट यानी अतिरिक्त लागत भी जुड़ी होती है।

## 'नो कॉस्ट ईएमआई' भी बिना लागत नहीं

कई बार आपको क्रेडिट कार्ड कंपनी/रिटेलर की तरफ से पूरी रकम को 'नो कॉस्ट ईएमआई' में तब्दील करने का ऑफर भी मिलता है। आम तौर पर लोग इससे काफी आकर्षित हो जाते हैं। उन्हें लगता है कि 'नो कॉस्ट ईएमआई' का मतलब यह है कि आपको सिर्फ उतने ही पैसे देने हैं, जितने की आपने खरीदारी की है। इसके अलावा कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लगेगा, लेकिन आम तौर पर ऐसा होता नहीं है। अक्सर 'नो कॉस्ट ईएमआई' की भी लागत होती है। अगर आपको इस सुविधा का लाभ उठाने का फैसला करते समय इस बारे में जानकारी नहीं होगी, तो क्रेडिट कार्ड की ईएमआई का पेमेंट करते समय आपको झटका लग सकता है।

## ऐसा क्यों होता है


आपको पता होना चाहिए कि क्रेडिट कार्ड की बकाया रकम पर लगने वाले ब्याज पर आपको गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) भी देना पड़ सकता है। दरअसल, वित्तीय संस्थानों की बहुत सारी सर्विसेज और चार्जेज जीएसटी के दायरे में शामिल हैं, जिनका बोझ आखिरकार ग्राहकों पर ही पड़ता है। क्रेडिट कार्ड पर लगने वाला इंटरेस्ट भी इसी कैटेगरी में शामिल है, जिस पर 18 फीसदी की दर से जीएसटी देना होता है। यह जीएसटी क्रेडिट कार्ड ट्रांजैक्शन के इंटरेस्ट पर लगता है। जाहिर है कि अगर आपने क्रेडिट कार्ड से किए खर्च को ईएमआई में तब्दील किया तो बिल आने पर इंटरेस्ट के ऊपर 18 फीसदी जीएसटी भी जुड़ा हुआ मिलेगा। मिसाल के तौर पर अगर आप ईएमआई के लिए 20 फीसदी ब्याज दे रहे हैं, तो उस पर 18 फीसदी जीएसटी जोड़ने के बाद ब्याज की पूरी लागत 23.6 फीसदी हो जाएगी।

## क्रेडिट कार्ड इंटरेस्ट पर जीएसटी

हमने क्रेडिट कार्ड के सामान्य ईएमआई पर लगने वाले जीएसटी की बात की, लेकिन आपके मन में ये सवाल उठ रहा होगा कि अगर हमारी ईएमआई 'नो कॉस्ट' है, तो भला उस पर जीएसटी क्यों लगेगा? दरअसल, नो-कॉस्ट ईएमआई के मामले में भी आमतौर पर ऐसा नहीं होता कि क्रेडिट कार्ड कंपनी ब्याज न ले। असल में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाला बैंक तो ब्याज लेता है, लेकिन सामान बेचने वाला रिटेलर ईएमआई के पूरे टेन्योर के दौरान वसूले जाने वाले ब्याज के बराबर रकम आपको इंस्टैंट डिस्काउंट के रूप में ऑफर कर देता है। इसलिए वो दावा करता है कि आपके लिए इस ईएमआई की कोई लागत नहीं है, लेकिन ऑफर किए जा रहे डिस्काउंट में आमतौर पर सिर्फ ईएमआई का ब्याज शामिल होता है, उस ब्याज पर सरकार की तरफ से वसूला जाने वाला जीएसटी नहीं। मिसाल के तौर पर अगर क्रेडिट कार्ड ईएमआई का ब्याज सालाना 20 फीसदी है, तो आपको उस पर 18 फीसदी जीएसटी देना होगा, जो ईएमआई की कुल रकम के 3.6 फीसदी के बराबर होगा।

**यह भी संभव :** हो सकता है आपको प्रोसेसिंग फीस या किसी और चार्ज के रूप में कुछ और पैसे भी देने पड़ें। इसलिए अगर आप क्रेडिट कार्ड की खरीदारी को ईएमआई या नो कॉस्ट ईएमआई में तब्दील कराने की सोच रहे हैं, तो पहले इन सभी अतिरिक्त लागतों को जोड़कर उसकी लागत निकालें और तभी कोई फैसला करें।

# बल्क/ब्लॉक/इनसाइडर डील क्या है?



दीपशा तनेजा
फाइनेंसियल एडवाइजर

**स्टॉक में निवेश करने वाले जरूर जान लें इन टर्म के बारे में, थोक डील एक ऐसा व्यापार, जहां एक एकल निवेशक लेनदेन के माध्यम से इक्विटी शेयर खरीदता या बेचता है**



**याद रखें कि थोक सौदे आपके समग्र विश्लेषण में केवल एक कारक हैं, और इस जानकारी को एक व्यापक ट्रेडिंग रणनीति के साथ एकीकृत करना महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, हमेशा जानकारी को सत्यापित करें, बाज़ार नियमों के बारे में सूचित रहें और व्यापारिक निर्णय लेने से पहले वित्तीय पेशेवरों से परामर्श करने पर विचार करें।**

शेयर बाजार में बल्क यानी थोक सौदे, व ब्लॉक डील बहुत महत्वपूर्ण है। स्टॉक में निवेश करने वालों को इन टर्म के बारे में पता होना चाहिए। शेयर बाजार में इन दो लोकप्रिय प्रकार के सौदों के अलावा, एक और प्रकार का सौदा होता है जो ऐसे व्यक्तियों द्वारा होता है जो कंपनी के बारे में आंतरिक जानकारी तक पहुंच रखने वाले प्रमोटर या निवेशक समूह होते हैं। इस प्रकार के सौदों को अंदरूनी सौदे यानी इनसाइडर डील के रूप में जाना जाता है। अब इन्हें और विस्तार से समझते हैं। थोक डील क्या है? बल्क यानी थोक डील एक ऐसा व्यापार है जहां एक एकल निवेशक एक लेनदेन के माध्यम से किसी कंपनी के 0.5% से अधिक इक्विटी शेयर खरीदता या बेचता है। इसलिए, उदाहरण के लिए, यदि कंपनी ए के पास कुल बकाया शेयरों की संख्या 1 करोड़ है, तो एक थोक सौदे में एक ही लेनदेन में कम से कम 50,000 शेयर (1 करोड़ का 0.5%) खरीदना या बेचना शामिल होगा। सभी एनएसई थोक सौदे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को रिपोर्ट किए जाते हैं, और सभी बीएसई थोक सौदे वास्तविक समय में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को रिपोर्ट किए जाते हैं और दिन के अंत में जनता के लिए उपलब्ध होते हैं। तो, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर किए गए कोई भी थोक सौदे एनएसई थोक सौदे हैं, जबकि यदि बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर थोक सौदे किए जाते हैं, तो वे बीएसई थोक सौदे हैं। ये सौदे संस्थागत निवेशकों, म्यूचुअल फंड और अन्य बड़े बाजार सहभागियों की व्यापारिक गतिविधि में अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं, जो स्टॉक की कीमत और समग्र बाजार धारणा को प्रभावित कर सकते हैं।

## ब्लॉक डील क्या है?

एनएसई ब्लॉक डील या बीएसई ब्लॉक डील थोक डील से काफी अलग हैं; ब्लॉक डील के मामले में, दो ज्ञात पक्षों के बीच एक सहमत मूल्य पर न्यूनतम 10 करोड़ रुपये मूल्य के बड़ी संख्या में शेयरों की खरीद या बिक्री होनी चाहिए। हाँ! एक ब्लॉक डील में, खरीदार और विक्रेता दोनों पहले से ही एक-दूसरे को जानते हैं, और सौदे पर ऑफ-मार्केट बातचीत की जाती है, जिसका अर्थ है कि इसे नियमित ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से निष्पादित नहीं किया जाता है जहां अधिकांश खुदरा निवेशक शेयर खरीदते और बेचते हैं। ब्लॉक डील को विशेष ₹ब्लॉक डील विंडो₹ पर एकल लेनदेन के माध्यम से अलग से निष्पादित किया जाता है, जो आम तौर पर सुबह के सत्र में केवल 35 मिनट के लिए खुला होता है।

## बल्क सौदे बनाम ब्लॉक सौदे डील का आकार

### ब्लॉक डील

इसमें बड़ी मात्रा में शेयर शामिल होते हैं, जो आमतौर पर स्टॉक एक्सचेंज द्वारा निर्धारित पूर्वनिर्धारित न्यूनतम सीमा से अधिक होते हैं (उदाहरण के लिए, 5,00,000 शेयर या भारत में न्यूनतम मूल्य 5 करोड़ रुपये)। ब्लॉक डील का आकार पर्याप्त होता है, और लेनदेन मूल्य महत्वपूर्ण हो सकता है।

### बल्क डील

इसमें पर्याप्त मात्रा में शेयर शामिल होते हैं, लेकिन स्टॉक एक्सचेंज द्वारा परिभाषित कोई विशिष्ट न्यूनतम मात्रा नहीं होती है। किसी कंपनी के इक्विटी शेयरों के न्यूनतम 0.5% वाले लेनदेन को अक्सर थोक सौदे माना जाता है। थोक सौदे का आकार महत्वपूर्ण है लेकिन ब्लॉक सौदे जितना बड़ा नहीं हो सकता है।

### निष्पादन

#### ब्लॉक डील

एक विशेष व्यापार के माध्यम से निष्पादित। स्टॉक की कीमत पर प्रभाव को कम करने के लिए नियमित बाजार घंटों से अलग विंडो या तंत्र। ब्लॉक डील के लिए ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म को बड़े लेनदेन को कुशलतापूर्वक संभालने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

#### थोक सौदा

सामान्य बाजार घंटों के दौरान स्टॉक एक्सचेंज के नियमित ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर निष्पादित। लेन-देन नियमित बाजार गतिविधि के साथ एकीकृत होते हैं और स्टॉक की कीमत पर तुलनात्मक रूप से कम प्रभाव पड़ सकता है।

### प्रकटीकरण

#### ब्लॉक डील

मात्रा, कीमत और प्रतिभागियों सहित ब्लॉक डील विवरण का तत्काल और अनिवार्य खुलासा आवश्यक है। यह बाजार में पारदर्शिता और सूचना का समय पर प्रसार सुनिश्चित करता है।

#### थोक सौदा

ब्लॉक सौदों की तुलना में थोक सौदों के लिए प्रकटीकरण आवश्यकताएँ कम कठोर हैं। हालाँकि एक्सचेंजों को प्रकटीकरण की आवश्यकता होती है, यह प्रक्रिया तत्काल या विस्तृत नहीं हो सकती है।

### प्रतिभागी

#### ब्लॉक डील

इसमें आमतौर पर संस्थागत निवेशक, म्यूचुअल फंड या बड़े वित्तीय संस्थान शामिल होते हैं। संस्थागत प्रतिभागी अक्सर बाजार पर अत्यधिक प्रभाव डाले बिना महत्वपूर्ण लेनदेन निष्पादित करने के लिए ब्लॉक डील में संलग्न होते हैं।

#### थोक सौदा

इसमें खुदरा निवेशकों, उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्तियों और छोटे संस्थागत खिलाड़ियों सहित प्रतिभागियों का एक विविध समूह शामिल हो सकता है। कठोर न्यूनतम मात्रा सीमा के अभाव के कारण थोक सौदे प्रतिभागियों की एक विस्तृत श्रृंखला को आकर्षित कर सकते हैं।

### ध्यान रखें

हालांकि, व्यापक दृष्टिकोण से, थोक सौदे और ब्लॉक सौदे दोनों समान लगते हैं, क्योंकि इसमें महत्वपूर्ण मात्रा में शेयरों की खरीद या बिक्री शामिल होती है। हालाँकि, उनमें से प्रत्येक की विशिष्ट विशेषताएं हैं, जिन्हें चार मापदंडों के आधार पर समझाया गया है। संक्षेप में, थोक और ब्लॉक सौदों के बीच मुख्य अंतर उनके आकार मानदंड, निष्पादन के तरीके और बाजार दृश्यता पर प्रभाव हैं। दोनों सौदों में महत्वपूर्ण संख्या में शेयर शामिल हैं, लेकिन ब्लॉक सौदे पूर्ण मात्रा/मूल्य पर अधिक केंद्रित होते हैं और बाजार के प्रभाव को कम करने के लिए ऑफ-मार्केट निष्पादित किए जाते हैं। दूसरी ओर, थोक सौदे नियमित ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर निष्पादित किए जाते हैं, जो बाजार की कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं।

## इनसाइडर डील क्या है?

जैसा कि ऊपर चर्चा की गई है, ये सौदे प्रमोटर समूहों या निवेशक समूहों के व्यक्तियों द्वारा किए जाते हैं। लेकिन चूंकि ऐसे व्यक्तियों के पास कंपनी के बारे में आंतरिक जानकारी तक पहुंच होती है, इसलिए अनुचित लाभ या स्टॉक में हेरफेर को रोकने के लिए, बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा ऐसे सौदों की बारीकी से निगरानी की जाती है। अंदरूनी व्यापार को आम तौर पर तब अवैध माना जाता है जब इसमें कंपनी के व्यक्तियों द्वारा गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर शेयरों का व्यापार शामिल होता है। हालाँकि, यह ध्यान रखना आवश्यक है कि हालाँकि अंदरूनी सौदे एक चिंता का विषय हैं, लेकिन अंदरूनी सूत्रों द्वारा किए गए सभी लेनदेन अवैध नहीं हैं। अंदरूनी सूत्रों को कुछ शर्तों के तहत अपनी कंपनी की प्रतिभूतियों का व्यापार करने की अनुमति है, जैसे विशिष्ट रिपोर्टिंग आवश्यकताओं का पालन करना और महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर व्यापार करने से बचना।

## ट्रेडिंग अवसरों की पहचान कैसे करें?

### थोक डील डेटा तक पहुंचें

एनएसई अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर थोक सौदों की जानकारी प्रदान करता है। आप दैनिक थोक डील डेटा पा सकते हैं जिसमें स्टॉक का नाम, कारोबार की मात्रा, कारोबार की कीमत और खरीदारों और विक्रेताओं के नाम जैसे विवरण शामिल हैं।

### थोक सौदों के महत्व को समझें

पहचानें कि थोक सौदों में बड़े लेनदेन शामिल होते हैं, और संस्थागत निवेशक या उच्च-निवल मूल्य वाले व्यक्ति अक्सर इन सौदों में भाग लेते हैं। थोक सौदों के माध्यम से स्वामित्व में एक महत्वपूर्ण बदलाव बाजार की धारणा में बदलाव का संकेत दे सकता है।

### रुझान और पैटर्न देखें

रुझानों और पैटर्न की पहचान करने के लिए विशिष्ट शेयरों के ऐतिहासिक थोक सौदे डेटा विश्लेषण करें। आवर्ती खरीदारों या विक्रेताओं, व्यापारिक गतिविधि में वृद्धि, या समय के साथ थोक सौदों की एक श्रृंखला की तलाश करें।

### कारोबार की मात्रा पर विचार करें

थोक सौदे में कारोबार किए गए शेयरों की मात्रा पर ध्यान दें। स्टॉक के औसत ट्रेडिंग वॉल्यूम के सापेक्ष बड़ी मात्रा निवेशकों की बढ़ी हुई रुचि या संभावित संस्थागत गतिविधि का संकेत दे सकती है। थोक सौदों से जुड़े मूल्य उतार-चढ़ाव का मूल्यांकन करें। एक थोक सौदे के बाद एक महत्वपूर्ण मूल्य परिवर्तन यह संकेत दे सकता है कि सौदे ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया है, और आगे की कीमत में उतार-चढ़ाव की उम्मीद की जा सकती है।

### अंदरूनी व्यापार की जांच करें

जबकि थोक सौदे स्वयं अंदरूनी व्यापार का संकेत नहीं दे सकते हैं, असामान्य या अप्रत्याशित व्यापारिक गतिविधि की जांच की जानी चाहिए। किसी भी बाद की घोषणा या समाचार पर नज़र रखें जो थोक सौदे की गतिविधि को समझा सके।

### तकनीकी विश्लेषण का प्रयोग करें

संभावित प्रवेश या निकास बिंदुओं की पहचान करने के लिए तकनीकी विश्लेषण उपकरणों और संकेतकों के साथ थोक सौदे की जानकारी को संयोजित करें। चार्ट पैटर्न, समर्थन और प्रतिरोध स्तर और अन्य तकनीकी संकेतों को देखें जो थोक डील डेटा के साथ संरेखित होते हैं।

### सेक्टर रुझानों की निगरानी करें

व्यापक बाजार संदर्भ और सेक्टर रुझानों पर विचार करें। संभावित व्यापारिक अवसरों का विश्लेषण करते समय विशिष्ट क्षेत्रों या उद्योगों में थोक सौदे अधिक प्रासंगिक हो सकते हैं। बाज़ार समाचार, कंपनी घोषणाओं और व्यापक आर्थिक कारकों पर अपडेट रहें। बाहरी घटनाएं स्टॉक की कीमतों को प्रभावित कर सकती हैं और थोक सौदा गतिविधि को संदर्भ प्रदान कर सकती हैं।

### जोखिम प्रबंधन

अपनी पूंजी की सुरक्षा के लिए जोखिम प्रबंधन रणनीतियों को लागू करें। जबकि थोक सौदे बहुमूल्य जानकारी प्रदान करते हैं, किसी भी व्यापारिक अवसर के समग्र जोखिम और इनाम पर विचार करना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप



### युवक 25 किलो डोडापोस्त सहित काबू

**सिरसा।** नाकारेटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट सिरसा टीम ने एक युवक को 25 किलो डोडापोस्त सहित काबू किया है। प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि सिरसा यूनिट की टीम गश्त के दौरान सूचना दी कि सुरेंद्र निवासी भुर्टवाला अपने खेत के ट्यूबवेल पर डोडापोस्त बेचने की फिराक में है। पुलिस टीम ने व्यक्ति को काबू कर किया। कट्टों की तलाशी ली गई तो कट्टों में से 25 किलोग्राम डोडापोस्त बरामद हुआ।

### लाखों रुपये की हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**कालांवाली।** सीआईए कालांवाली पुलिस टीम ने कालांवाली से एक युवक को 35 ग्राम 15 मिलीग्राम हैरोइन के साथ काबू किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि गश्त के दौरान कालांवाली में डूंगर पटवारी वाली गली में एक युवक को शक के आधार पर तलाशी ली तो उसके कब्जा से 35 ग्राम 15 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई।

### जिले में दो हत्यारोपितों को किया गिरफ्तार

**डबवाली।** डबवाली सीआईए पुलिस ने हत्या के मामले में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से वारदात में प्रयोग किए गए हथियार भी बरामद किया गया है। सीआईए डबवाली प्रभारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि गुरमीत सिंह निवासी ढाणी गांव देसुमलकाना के बयान पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी अवतार सिंह उर्फ तारी पुत्र रुपसिंह निवासी ढाणी देसुमलकाना को पहले से ही गिरफ्तार कर जेल भिजवाया जा चुका है और अब गिरफ्तारशुदा आरोपी की निशानदेही पर ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कुलदीप सिंह उर्फ मनी पुत्र अमरीक सिंह निवासी झोरड़रोही रोड़ी व आरोपी प्रदीप सिंह उर्फ बब्बी पुत्र सुखदेव सिंह निवासी घुकांवाली के रुप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग किए गए हत्यार भी बरामद किए गए हैं। आरोपी कुलदीप व प्रदीप को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

## टोहाना में इंटरसिटी एक्सप्रेस का पहली बार हुआ ठहराव

# आज सांसद एक्सप्रेस गाड़ी को झंडी दिखा करेंगी रवाना

टोहाना पहुंची रेलगाड़ी का लोगों ने जोरदार स्वागत किया। गाड़ी के रुकते ही रेलवे ट्रैक पर नारियल तोड़ा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना



**टोहाना।** इंटरसिटी एक्सप्रैस का स्वागत करते टोहानावासी।

श्रीगंगानगर-दिल्ली के बीच चलने वाली इंटरसिटी सुपर फास्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ी का शनिवार को पहली बार टोहाना के रेलवे स्टेशन पर ठहराव हुआ। रेलगाड़ी का टोहाना में ठहराव होने से लोगों में खुशी का माहौल है। शनिवार को टोहाना पहुंची रेलगाड़ी का लोगों ने जोरदार स्वागत किया। दैनिक रेल यात्री वेल्फेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने प्रधान राजेश नागपाल के नेतृत्व में जहां जश्न मनाया, वहीं गाड़ी चालकों तथा टोहाना स्टेश अधिक्षक मुंशीराम के गले में माला डालकर उनका स्वागत किया। इससे पूर्व उन्होंने गाड़ी के रुकते ही रेलवे ट्रैक पर नारियल तोड़कर एसोसिएशन जिंदाबाद के नारे लगाये और लड्डू बांटे।

बता दें कि टोहाना में लोग इंटरसिटी एक्सप्रेस रेलगाडी के ठहराव की लंबे समय से मांग कर रहे थे। इसको लेकर उन्होंने सिरसा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनीता दुग्गल के सामने भी यह मामला उठाया था। आज रेलगाड़ी का ठहराव होने से लोगों में खुशी है। दैनिक यात्री एसोसिएशन के प्रधान राजेश नागपाल व हरजीत सिंह ने कहा कि 19 वषार्ं बाद टोहाना रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी गाडी के ठहराव की मांग पूरी होने पर क्षेत्रवासियों में प्रसन्नता की लहर

### सांसद सुनीता का किया जाएगा स्वागत

उन्होंने सिरसा संसदीय क्षेत्र की सांसद सुनिता दुग्गल का आभार जताते हुए कहा कि 17 दिसंबर को टोहाना रेलवे स्टेशन पर उनका शहर के विभिन्न संगठनों तथा क्षेत्रवासियों द्वारा जोरदार अभिनंदन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सांसद सुनीता दुग्गल इस दिन सांय 04 बजकर 07 मिनट पर दिल्ली-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस गाडी को झंडी दिखाकर रवाना करेंगी। उन्होंने कहा कि इंटरसिटी गाडी के ठहराव होने से अब क्षेत्रवासियों को दिल्ली, रोहतक, बठिंडा, श्रीगंगानगर आदि क्षेत्रों में आने-जाने के किसी परेशानी का सामना नहीं करना पडेगा।

# ग्रामीण उठा रहे योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल पर जानकारी लेते ग्रामीण।

जिला में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद यात्रा का गांवों में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को यात्रा गांव मम्मड़ खेड़ा, केहरवाला, पनिहारी व मुसाहिबवाला में पहुंची। यात्रा के पहुंचने पर ग्रामीणों जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी व मौके पर ही योजनाओं का लाभ उठाया। गांव मम्मड़ खेड़ा व केहरवाला में पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज व पनिहारी व मुसाहिबवाला में पूर्व विधायक बलकौर सिंह ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करते हुए ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाभ उठाने बारे प्रेरित किया। अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती ने भी स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को जरुरी दिशा-निर्देश दिए।

# पुलिस ने बच्चों को खेलों के बारे में किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

ओढां थाना की ओर से पन्नीवाला मोटा स्थित स्टेडियम में शनिवार को खेलों को बढ़ावा देने व बच्चों को खेल के प्रति जागरुक करने के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया।

ओढां थाना प्रभारी अनिल कुमार, एसजे अमरीक सिंह, एचजीएस भजनलाल, सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप बैनीवाल, बास्केटबॉल नर्सरी कोच अनिल कस्वां, खेल कोच सुमित नेहरा, अनूप सहारण के द्वारा गांव पन्नीवाला मोटा खेलों को बढ़ावा देने के लिए पुलिस प्रशासन व ग्राम पंचायत के सहयोग से बच्चों को मैदान में खेलों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि हमें सुबह जल्दी उठकर ग्राउंड में आना चाहिए। अपनी जिंदगी में एक खेल को जरुर चुने और उसे गेम को खेल की भावना से खेलना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। खेल से हमारी जिंदगी में बहुत फायदे होते हैं। खेल से शरीर तंदुरुस्त रहता है।

### जबरदस्ती नैनो खाद सौंपी तो करेंगे घेराव

**हिसार।** किसान सभा तहसील हिसार की कार्यकारिणी की बैठक तहसील प्रधान सूबेसिंह बूरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन तहसील सचिव रमेश मिरकां ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से कमला देवी को तहसील हिसार का वित्त सचिव व सज्जन सिंह कालीरावण को संगठन सचिव चुना गया। जिला प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार ने कहा कि कृषि विभाग के उपनिदेशक द्वारा किसानों को डीएपी के साथ नैनो खाद जरुर लेनी पड़ेगी पर किसान सभा ने कहा कि अगर जबरदस्ती नैनो खाद किसानों को थोपी गई तो इसके लिए उपनिदेशक का घेराव किया जाएगा।

# सीएम आवास घेराव को लेकर पैक्स कर्मियों ने बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** बैठक करते पैक्स कर्मचारी।

पैक्स कर्मचारी महासंघ की बैठक हुई, जिसमें आगामी 19 दिसंबर को किए जा रहे सीएम आवास घेराव को लेकर रणनीति बनाई गई। मीटिंग की अध्यक्षता प्रधान भगवंत शर्मा व महासचिव भजनलाल ने संयुक्त रूप से की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री घोषणा 2019 वेतनमान खामी विभागीय कमेटी रिपोर्ट के आदेश को लेकर चार वर्ष बीत चुके हैं। महासंघ द्वारा बार-बार प्रदर्शन करने के बाद विभागीय अधिकारियों व सरकार के साथ कई दौर की बैठक हुई, लेकिन कर्मचारियों को सिवाय आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। सरकार की घोषणा के बाद लगभग 70 प्रतिशत कर्मचारी सेवानिवृत हो चुके हैं। इसके अलावा हर माह 85-90 कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। पिछले दिनों महासंघ के फैसले अनुसार 12 अक्तूबर 2023 से 13 नवंबर 2023 तक सभी विधायकों को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपे गए। अगली कड़ी में महासंघ के प्रतिनिधिमंडल की बैठक सहकारिता मंत्री के साथ हुई। इस बैठक में घोषणा 2019 वेतनमान खामी व पदोन्नति के आदेश जल्दी जारी करने का आश्वासन दिया गया। अतिरिक्त सचिव सहकारिता विभाग के साथ हुई बैठक में भी आश्वासन दिया गया, लेकिन कमेटी नेमुख्यमंत्री आवास घेराव का फैसला लिया है।

# गठबंधन सरकार वेंटिलेटर पर: डॉ. तंवर

- बोले, बिजली कनेक्शन काटकर अपना कथित जनहितैषी चेहरा दिखा रही मनोहर सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** आप की बदलाव यात्रा ऐलनाबाद से शुरु करते हुए अशोक तंवर।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि एक ओर आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब और दिल्ली में फ्री और 24 घंटे बिजली देने का काम कर रही है, वहीं दूसरी ओर सिरसा में 35 टीमें लगाकर प्रदेश की गठबंधन सरकार लोगों के बिजली कनेक्शन काटने का काम कर रही है। अशोक तंवर शनिवार को बदलाव यात्रा से पूर्व ऐलनाबाद में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

तंवर ने कहा कि सिरसा शहर में जब 35 टीमें बिजली कनेक्शन काटने का काम कर रही हैं तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि हरियाणा में कितने लोगों का हश्र किया जा रहा है। उन्होंने सिरसा में गरीब लोगों के बिजली कनेक्शन काटने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि अब प्रदेश की मनोहर सरकार की विदाई का समय नजदीक आ गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब की आप सरकार की तर्ज पर अब मनोहर लाल भी हरियाणा में लोगों को फ्री बिजली देने की बात कर रहे हैं जबकि सच्चाई यह है कि सरकार ने बिजली बिलों पर एफएसए चार्ज लगाकर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के बिलों में जानबूझकर बढ़ोतरी की है। तंवर ने आरोप जड़े कि एफएसए चार्ज और जुर्माना लगाने से बिजली उपभोक्ताओं के बिजली बिलों का बजट पूरी तरह से गड़बड़ा गया है जिससे उनकी जीवन शैली पूरी तरह से प्रभावित हो गई है। 'यादा बिजली बिल आने के बाद जिन उपभोक्ताओं ने बिल नहीं भरे उनके लिए मनोहर सरकार और बिजली मंत्री ने 35 टीमें फील्ड में उतारकर बिजली कनेक्शन काटने का काम किया है। ऐलनाबाद से शुरू हुई यह यात्रा रानियां विधानसभा क्षेत्र से होते हुए डबवाली में प्रवेश करेगी और रात्रि विश्राम भी डबवाली में ही रहेगा। अशोक तंवर ने कहा कि भाजपा सरकार ने चुनाव को नजदीक देखते हुए दिखावे के लिए हरियाणा में बीपीएल कार्ड बनाने की बात कही है, जबकि सच्चाई है कि आज राशन डिपो से लोगों का राशन ही गायब है। उन्होंने प्रदेश सरकार ने गरीब लोगों के राशन में कटौती करते हुए राशन के नाम पर गरीबों के साथ भद्दा मजाक किया है। उन्होंने गठबंधन सरकार से बड़ा सवाल किया कि प्रदेश सरकार का यह कैसा अमृतकाल है जहां डिपुओं पर न चीनी, न गेहूं, न तेल और न ही दाल है।

# सद्भावना रोड पर बना हुआ है गड्ढा हादसे के इंतजार में है प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



शहर के सदभावना रोड सी ब्लॉक में पिछले कई दिनों से एक गहरा गड्ढा बना हुआ है। स्थानीय लोगों की शिकायत के बावजूद प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। लगता है कि प्रशासन यहां कोई बड़ा हादसा होने का इंतजार कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सी ब्लॉक में जो सदभावना मार्ग है, वहां कई दिनों से एक गहरा गड्डा बना हुआ है। यहां से दिनभर कई छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। चिंता की बात तो यह है कि जहां गड्ढा बना हुआ है, वहां संबंधित विभाग की ओर से कोई संकेतक नहीं लगाया गया है। वहां स्ट्रीट लाइट भी नहीं है। ऐसे में रात के अंधेरे में कोई भी वाहन गड्ढा में गिर सकता है,मगर संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसकी कोई परवाह नहीं है। लोगों का कहना है कि इस बारे में मौखिक रूप से अधिकारियों को शिकायत की गई है, लेकिन कोई भी अधिकारी गड्ढे को भरवाने की जहमत नहीं उठा रहा है। ऐसा लगता है कि जब कोई वाहन गड्ढे में गिरेगा और किसी का जानी नुकसान होगा, उसके बाद ही प्रशासन की नींद खुलेगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सदभावना मार्ग पर बने हुए इस गड्ढे को तुरंत ठीक करवाया जाए।

# बुनियाद व सुपर-100 की जानकारी के लिए खंड स्तर पर होंगे सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शिक्षा विभाग की ओर से जिला के खंडों में सेमिनार का आयोजन करवाया जाएगा। जिसमें विद्यार्थियों को मिशन बुनियाद व सुपर-100 के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस दौरान राजकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी जानकारी देंगे।जिला में पहली बार खंड स्तरीय सेमिनार का आयोजन करवाया जाएगा। पहले यह सेमिनार सिर्फ जिला स्तर पर ही करवाया जाता था। इस साल से ही खंड स्तरीय सेमिनार की शुरूआत की गई है। जिला के सातों खडों में इसी माह सेमिनार होंगे। सेमिनार की शुरूआत 20 दिसंबर से प्रदेशभर में की जाएगी। सेमिनार करवाने का उद्देश्य राजकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को बुनियाद व सुपर-100 के बारे में संपूर्ण जानकारी देना है। इस सेमिनार में विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावक भी शामिल होंगे। ताकि विद्यार्थियों को मिशन में दाखिला लेने पर कोई अभिभावक मना न करें। जिला के पांच बुनियाद केंद्र पर कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थी विकल्प संस्थान द्वारा ब्रॉडकास्ट किए जा रहे लाइव और रिकॉर्डेड लेक्चर के माध्यम से पढ़ाई कर रहे हैं।बुनियाद कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग व हरियाणा सरकार द्वारा विकल्प फाउंडेशन के माध्यम से राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए चलाया जाता है।

# स्वयंसेवकों ने दिया सफाई का संदेश

- एनएसएस से विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक सरोकार की भावना उत्पन्न होती है : नरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना



**भूना।** एनएसएस के स्वयंसेवक पुलिस स्टेशन में बाबा राणाधीर मंदिर के बाहर सफाई करते हुए।

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूना में एनएसएस के स्वयं सेवकों ने शनिवार को एक दिवसीय सफाई अभियान चलाकर लोगों को संदेश दिया। साथ ही उन्हें स्वच्छता अपनाने के प्रति जागरूक किया। शिविर का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य नरेश कुमार शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार सुथार की निगरानी में स्वयंसेवकों ने पुलिस स्टेशन में बाबा राणाधीर मंदिर के पास व अन्य स्थानों पर जाकर सफाई अभियान चलाया है। स्वयंसेवकों ने पुलिस कर्मियों एवं मोहल्ला के लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार सुथार ने बताया कि राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थी एनएसएस कैंप में सेवा भावनाओं के चलते प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनएसएस में काम करने से विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक सरोकार की भावना उत्पन्न होती है।

# मंदिर रामदेवरा में लगे बाबा रामदेव के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मार्गशीर्ष माह की चांदनी दूज के उपलक्ष्य में श्री बाबा रामदेव सेवा समिति की ओर से संचालित शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में बाबा रामदेव महाराज की पावन व सांची जोत प्रज्जवलित की गई।

ज्योत प्रज्जवलित होते ही श्रद्धालुओं ने जोत के दर्शन कर मत्था टेका और मन्नतें मांगी। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज की परिक्रमा करते हुए हिंदुआ वीर की जय होए द्वारिकाधीश की जय हो, रूनेचा धाम की जय हो, के जयकारें लगाकर मंदिर रामदेवरा परिसर को गुजांयमान कर दिया। इससे पूर्व समिति प्रधान रमेश जोइया ने समिति सदस्यों के साथ बाबा रामदेव महाराज को फूलों की माला अर्पित कर क्षेत्र की सुख-शांति व खुशहाली की कामना की। समिति प्रधान रमेश जोइया ने बताया कि मंदिर रामदेवरा में हर माह की चांदनी दूज व चांदनी दशमी के उपलक्ष्य में बाबा रामदेव महाराज की विशेष रूप से पूजा अर्चना व आराधना की जाती है जिसमें श्रद्धालु पूरी श्रद्धा व आस्था से शामिल होते है।

इस मौके पर किशन लाल चौहान, सोनू शर्मा, कमलकांत डाबी, हरीश मुंजाल, बाली मितल, आर्यन आहुजा, मनोहर गहलोत, राहुल गहलोत, निखिल गहलोत आदि मौजूद रहे।

### पत्नी ने देवर के साथ मिलकर पति को पीटा

**हांसी।** शिव कॉलोनी में एक महिला द्वारा अपने देवर के साथ मिलकर अपने ही पति की पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में शिव कालोनी निवासी 27 वर्षीय सतपाल ने कहा है कि वह मेहनत मजदूरी करता है। और हम दो भाई व दो बहनें हैं। सतपाल ने बताया कि वह विवाहित है और उसके एक लड़का व लड़की दो संतान हैं। सतपाल ने बताया कि 14 दिसंबर को शाम करीब 4 बजे मैं व मेरी पत्नी काजल घर पर थे, मेरे माता पिता बाजार में सामान लेने गये हुए थे। इसी दौरान मेरी पत्नी काजल ने मेरे को घर पर अकेला देख कर मेरे छोटे भाई संदीप को घर पर बुला लिया। काजल ने मुझे पीछे से पकड़ लिया व मेरे भाई ने मेरे साथ मारपीट की व मेरे मुंह व आंख पर लात घुसे मारे। उसके बाद पत्नी काजल ने मेरे मुंह पर थप्पड व मुक्के मारे और जान से मारने की धमकी दी। सतपाल ने बताया कि मेरे माता पिता को आते देख दोनों ही मौके से फरार हो गए।

## एमएम कॉलेज पहुंचे अमेरिका में रह रहे सरदार कुलदीप सिंह

# फतेहाबाद की माटी से जुड़े हैं अप्रवासी भारतीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में स. कुलदीप सिंह का स्वागत करते कॉलेज प्रबंधक समिति के पदाधिकारी।

विदेशों में रहकर भी अप्रवासी भारतीय अपने देश की माटी से जुड़े रहते हैं। समय-समय पर अपने शहर आकर वे यहां समाजसेवा के कायार्ें को बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसे ही एक शख्सियत हैं सरदार कुलदीप सिंह मक्कड़।

शहर के प्रमुख समाजसेवी एवं एमएम एजुकेशन सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य सरदार केपी सिंह के भाई स. कुलदीप सिंह पिछले काफी सालों से अपने परिवार के साथ यूएसए रहते हैं और इन दिनों वे अपने देश भारत आए हुए हैं। स. कुलदीप सिंह ने आज फतेहाबाद के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थान एमएम कॉलेज और एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन का विजीट किया और इन शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं बारे जाना। एमएम एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन आत्मप्रकाश बत्रा, प्रधान राजीव बत्रा, सचिव विनोद मेहता एडवोकेट, वरिष्ठ सदस्य सुदर्शन बत्रा, सुनील सचदेवा, सतपाल अरोड़ा ने कॉलेज पहुंचने पर उनका स्वागत किया। कॉलेज में स. कुलदीप सिंह ने स्व. मनोहर लाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### मेमोरियल हाल का भी निरीक्षण किया

कॉलेज पहुंचे स. कुलदीप सिंह ने अपनी भाभी स्व. अमरजीत कौर की याद में परिवार द्वारा कॉलेज में बनाए गए श्रीमती अमरजीत कौर मैमोरियल हाल का भी निरीक्षण किया। उनके परिवार द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता के लिए 'श्री अमर आत्मा स्कॉलरशिप' दी जा रही है वहीं कॉलेज के एक दिव्यांग छात्र सहित तीन विद्यार्थियों की पूरी शिक्षा का खर्च भी उनके द्वारा उठाया जा रहा है। आज कॉलेज विजिट के दौरान स. कुलदीप सिंह ने इन विद्यार्थियों से भी मुलाकात की और भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कॉलेज के जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए आज भी 1 लाख रुपये की सहायता राशि भी दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स. कुलदीप सिंह के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। चेयरमैन आत्मप्रकाश बत्रा, प्रधान राजीव बत्रा, सचिव विनोद मेहात व अन्य सदस्यों ने स. कुलदीप सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### 'काव्यात्मक संविधान' पुस्तक का विमोचन

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के वरिष्ठ तकनीकी सहायक सुभाष चंद्र द्वारा लिखित पुस्तक 'काव्यात्मक संविधान' का विमोचन हरियाणा स्टेट लॉ कमीशन के सदस्य मुकेश गर्ग द्वारा विश्वविद्यालय के टैगोर भवन के एक्सटेंशन लेक्चर थिएटर में किया गया।

### दो महिलाओं सहित चार चूरापोस्त सहित काबू

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चैंकिंग के दौरान दो अलग-अलग जगहों से दो महिलाओं सहित चार लोगों को 8 किलो 500 ग्राम चूरापोस्त सहित काबू किया है। पुलिस ने गुरमेल सिह पुत्र सुरजीत सिह निवासी गांव गदराणा व काका सिह पुत्र गगन सिह निवासी गांव पक्का शहीदा को काबू कर उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जा से 4 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। वहीं वहीं पुलिस ने छिंद्रपाल कौर उर्फ छिंदे पत्नी तीर्थ सिह निवासी पती भुलेरिया गोबिंदपुरा थाना कैंट बठिंडा पंजाब व जसबीर कौर उर्फ पम्मी पत्नी हरपाल सिंह उर्फ जसपाल निवासी पती काला महाराज जिला बठिंडा को भी चूरापोस्त सहित पकड़ा।

### स्कूल से सीसीटीवी कैमरा चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव करीवाला में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से चोर एक सीसीटीवी कैमरा चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में स्कूल के प्रिंसिपल राजसिंह ने बताया कि विद्यालय में हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे। बीती 10 दिसंबर की रात को चोर स्कूल से सीसीटीवी कैमरा चोरी कर ले गए।

### गोदाम से हजारों रुपये का सामान चोरी

**सिरसा।** शहर की अग्रसेन कॉलोनी में बने एक गोदाम से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गोदाम के मालिक अग्रसेन कॉलोनी निवासी जतिन कुमार ने बताया कि उसकी अग्रसेन कॉलोनी में दुकान है और दुकान के सामने ही गोदाम बना रखा है। उसने बताया कि रोजाना की भांति वह बीती 13 दिसंबर की रात को दुकान व गोदाम बंद कर घर चला गया। देर रात को चोरों ने गोदाम से 10 से 12 पानी की टूंटी, 30 से 35 रुधरा कंपनी की बैड सीट और तकरीबन 25 में 30 जैकेट लियोफोट कंपनी की चोरी कर ले गए।

### बिना मंजूरी के निर्माण नहीं हो रही कार्रवाई

**डबवाली।** शहर में कई स्थानों पर इन दोनों नगर परिषद की बिना मंजूरी के निर्माण कार्य चल रहे हैं। इस संबंध में लिखित शिकायत करने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं की जा रही। ऐसे ही एक मामले में चौटाला रोड पर निरंकारी भवन के समीप चल रहे एक निर्माण को लेकर नगर परिषद में शिकायत की गई है।

### फतेहाबाद जिले से तीन युवतियां लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग जगहों से तीन युवतियों के लापता होने का समाचार है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव सुलीखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी बेटी पिछले अढ़ाई महीने से उसके पास रह रही थी। गत दिवस वह अपनी ससुराल जाने की बात कहकर घर से गई थी लेकिन न तो वह अपनी ससुराल पहुंची और न ही वापस घर लौटी है।

### नकदी व अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए कालांवाली पुलिस टीम ने गांव गदराना से एक युवक को अवैध पिस्तौल, 8 कारतूस, तीन लाख रुपए नकद व गाड़ी सहित गिरफ्तार किया है। गुप्ता सूचना पर पुलिस टीम ने स्कोर्पियो को रूकवाकर चालक से पूछताछ की तो चालक ने अपना नाम हरजिंद्र सिंह बताया। जांच करने पर उससे पिस्तौल 9 एमएम बरामद हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मार्केटिंग फीस में 50% बढ़ोतरी का विरोध

# बीस को हड़ताल का ऐलान सब्जी मंडी को बंद रखेंगे

सरकार द्वारा एडवांस मार्केट फीस के लिए भेजे गए नोटिफिकेशन की प्रतियां जलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** पत्रकारों से बातचीत करते सब्जी मण्डी के व्यापारी। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश सरकार द्वारा मार्केटिंग फीस में 50 फीसदी की बढ़ोतरी करने से प्रदेशभर के सब्जी मण्डी व्यापारियों में भारी गुस्सा है। आश्वासन के बावजूद अब तक प्रदेश सरकार द्वारा इस बढ़ोतरी के काले फरमान को वापस न लिए जाने पर सब्जी मण्डी व्यापारियों ने 20 दिसम्बर को हड़ताल का ऐलान कर दिया है। फतेहाबाद सहित प्रदेश की सभी सब्जी मण्डियां 20 दिसम्बर को बंद रहेंगी और सब्जी व्यापारी सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन करेंगे। इसको लेकर शनिवार को फतेहाबाद में हिसार रोड स्थित नई सब्जी मण्डी में व्यापारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सब्जी मण्डी के प्रधान भूप सिंह ने की। बैठक में मौजूद सभी व्यापारियों ने सरकार के इस फैसले की कड़े शब्दों में निंदा की और इस फरमान को तुरंत वापस लेने की मांग की। व्यापारियों ने सरकार द्वारा एडवांस मार्केट फीस के लिए भेजे गए नोटिफिकेशन प्रतियां भी जलाई। सब्जी मण्डी प्रधान भूप सिंह ने बताया कि सरकार ने 2021 व 2022 में भी मार्किट फीस लेने का फैसला लिया था लेकिन व्यापारियों के विरोध के बाद सरकार ने इसे वापस ले लिया था। मार्केटिंग बोर्ड को चलाने के लिए साल में 15 करोड़ रुपये की जरूरत होने की बात कही गई थी। जब तय हुआ था कि 11 हजार, 21 हजार व 51 हजार के तीन स्लैब बनाकर लाइसेंस फीस वसूली जाएगी। गांव व देहात के आढ़ती से 11 हजार, जिले की मंडियों में काम कर रहे व्यापारियों से 21 हजार व शहरों की मंडियों के व्यापारी से 51 हजार रुपये फीस लेने का फैसला हुआ था। इससे सरकार को सालाना 17 करोड़ रुपये का रेवेन्यु मिलता था लेकिन अब तीन लाख की फीस देने वाले व्यापारियों की फीस 50 प्रतिशत बढ़ाकर 4.50 लाख रुपये कर दिए गए हैं जोकि सरासर अन्याय है। इसी तरह साल में 2 लाख की लाइसेंस फीस देने वालों की फीस बढ़ाकर 3.25 लाख कर दी गई है। सरकार ने सभी कैटेगरी में फीस 50 फीसदी बढ़ाकर 15 दिसम्बर से इसकी वसूली के निर्देश दिए गए हैं।

सरकार द्वारा एक साल की लाइसेंस फीस एडवांस मांगी जा रही है जोकि सरासर गलत है। प्रदेशभर के सब्जी मण्डी व्यापारी सरकार के इस फरमान के विरोध में हैं। इसको लेकर प्रदेशभर की सब्जी मण्डियां 20 दिसम्बर को बंद रहेंगी। अगर फिर भी सरकार उनकी मांग को नहीं मानती तो आने वाले चुनावों में उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

# तीन बच्चों का एनडीए में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना


**टोहाना।** एनडीए के लिए क्वालीफाई करने वाले तीनों विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

कृष्णा इंस्टीच्यूट के तीन विद्यार्थियों ने एनडीए की परीक्षा क्वालीफाई कर शहर का नाम रोशन किया है। प्रिंसीपल नेहा मोदी ने बताया कि नवम्बर 2023 में आयोजित हुई एनडीए की परीक्षा में कृष्णा इंस्टीच्यूट के तीन विद्यार्थियों ने धारा बंसल, समीक्षा और संयम ने क्वालीफाई किया है।

उन्होंने बताया कि हर साल नवम्बर माह में यह परीक्षा आयोजित होती है, जिसमें 15 लाख विद्यार्थी भाग लेते हैं और 7 हजार विद्यार्थियों को एनडीए के लिए चुना जाता है। इस बार परीक्षा परिणाम में उन 7 हजार विद्यार्थियों में टोहाना के कृष्णा इंस्टीच्यूट के विद्यार्थी भी शामिल रहे।

तीनों विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से उनके स्वजनों व कृष्णा इंस्टीच्यूट संस्थान में खुशी का माहौल बना हुआ है। तीनों विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर एक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। प्रिंसीपल नेहा मोदी ने तीनों विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों व अध्यापकों को मिठाई खिलाकर तथा फल मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया तथा शुभकामनाएं दी।




### आदर्श स्कूल दरियापुर में धूमधाम से मनाया

**फतेहाबाद।** गांव दरियापुर स्थित आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विजय दिवस बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। बच्चों ने देशभक्ति गीत जैसे मेरा मुल्क मेरा देश, ऐ वतन ऐ वतन आदि गाए तथा चक दे इंडिया, चिट्ठी आती है संदेशें लाती है आदि गीतों पर नृत्य करके अपनी सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने देश की रक्षा के लिए शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कई नन्हे मुन्ने बच्चे आर्मी वेशभूषा में दिखाई दिए। स्कूल के डायरेक्टर साहिल मेहता ने बच्चों को विजय दिवस के बारे में विस्तार से बताया। स्कूल संचालक दर्शन मेहता ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि वीर सैनिक जिस प्रकार देश की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं, हमें भी उनकी तरह हमेशा देश सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। यदि हम अपने काम को पूर्ण ईमानदारी से करें तो यही सच्ची देश सेवा है।

### पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय आर्ट वर्कशॉप का आयोजन

**फतेहाबाद।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, फतेहाबाद में आयोजित कला कार्यशाला में कौशल विकास एवं व्यावासायिक कौशल के माहिरों ने गत लगभग एक महीने तक विद्यार्थियों को रोजगारपरक एवं कला समेकित निर्माण की निपुणता का हुनर सिखाया। इसमें शिल्पकला, उद्योग, वेल्डिंग, बागवानी और हस्तशिल्प क्षेत्र में नए कौशल का विकास हुआ। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय फतेहाबाद ने एक माह तक चले आर्ट वर्कशॉप में कला व रचनात्मक निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी व्यक्तित्व कारीगर और व्यावासायिक कौशल निपुण कारपेंटर, वेल्डर, गार्डेनिंग एक्सपर्ट ने विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी।

### सिक्योरटी के रूप में दिए कोरे चैक का दुरुपयोग करने का लगाया आरोप

**सिरसा।** रानियां पुलिस ने गांव नाईवाला निवासी सुखविंद्र सिंह पुत्र गुरदेव सिंह की शिकायत पर सिरसा अनाज मंडी की फर्म मैसर्ज सोहन लाल आहुजा एंड कंपनी के संचालक सुनील आहुजा व राजेंद्र सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी किशनपुरा जलधरा (पंजाब) के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। ऐलनाबाद कोर्ट में दाखिल किए इस्तगासा में सुखविंद्र सिंह ने बताया कि उसकी मैसर्ज सोहनलाल आहुजा एंड कंपनी के पास कई वषार्ं से आढ़त है। आढ़त के दौरान सुनील आहुजा ने उससे कुछ कोरे चैक व कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करवाकर बतौर सिक्योरटी

# कर्मचारियों के मुद्दों को विस सत्र में हल करें

- विस सत्र के समानांतर फतेहाबाद में कर्मचारी असेंबली का आयोजन, रखे गए 4 प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** विस सत्र के समानांतर आयोजित हरियाणा कर्मचारी असेंबली में भाग लेते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर फतेहाबाद जिला में जिला सचिवालय के समक्ष हरियाणा कर्मचारी असेंबली का आयोजन किया गया। असेंबली के सभापति सर्व कर्मचारी संघ के राज्य उप प्रधान धर्मेन्द्र ढांडा रहे। हरियाणा विधानसभा का सत्र 15 से 18 दिसंबर तक चल रहा है। इसके समानांतर सर्व कर्मचारी संघ की राज्य कमेटी ने निर्णय लिया कि पूरे प्रदेश में सभी जिला मुख्यालयों पर 15 से 18 दिसंबर तक सर्व कर्मचारी संघ के मांग पत्र व मुख्य मुद्दों पर कर्मचारी असेंबली में चर्चा करते हुए 4 प्रस्ताव जिला उपयुक्त के माध्यम से हरियाणा सरकार को भेजे जाएंगे। फतेहाबाद जिला में हरियाणा कर्मचारी असेंबली में जो चार मुख्य प्रस्ताव रखे गए। असमेंबली में पहला प्रस्ताव तमाम कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की नीति बनाने बारे रखा गया जिसे फतेहाबाद के ब्लॉक प्रधान राज्यपाल मिताथल ने रखा। दूसरा प्रस्ताव पुरानी पेंशन बहाली का था जिसे एसए टीएएफ आई के राष्ट्रीय महासचिव सीएन भारती ने रखा। रोजगार का विस्तार जिसे रतिया ब्लॉक के प्रधान देवीलाल ने रखा तथा चौथा प्रस्ताव सार्वजनिक सेवाएं. उपलब्धता व गुणवत्ता का रहा, जिसे रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान बेगराज ने रखा। असेंबली में उपस्थित सभी सदस्यों ने इन चारों ही प्रस्तावों पर आंकड़ों सहित विचार विमर्श करके सरकार के सामने इन तमाम चारों ही प्रस्ताव को सरकार से हल करने की मांग की। इसी कड़ी में 18 दिसंबर को भी पूरे प्रदेश में सभी जिला स्तर पर यह कार्यक्रम जारी रहेगा। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा सरकार से यह मांग



### अंबेडकर चौक के निर्माण कार्य का शुभारंभ

**टोहाना।** विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने टोहाना के वार्ड 18 में भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर के नाम बनाये जा रहे चौक के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस चौक के निर्माण पर 49 लाख की लागत आयेगी। भव्य चौक पर बाबा साहेब की प्रतिमा सहित संसद भवन का नक्शा अंकित होगा। पंचायत मंत्री ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन ऐसे लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत है, जो चुनौतियों के आगे घुटने टेक देते हैं। उन्होंने भारत को ऐसा राष्ट्र बनाया जिसमें सभी को बराबरी से जीवन जीने और आगे बढ़ने के हक मिले। उन्होंने कहा कि डॉ. भीम राव अंबेडकर एक अर्थशास्त्री, कानूनविद्, राजनेता तथा समाज सुधारक थे, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्हें किसी एक जाति अथवा धर्म से नहीं बांधा जा सकता है क्योंकि वे सर्वसमाज के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। उन्होंने भारत की वास्तविक स्वतंत्रता के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।



### घर-घर पहुंच रहा योजनाओं का लाभ

**फतेहाबाद।** विधायक दुड़ाराम ने शनिवार को बोदीवाली व सरवरपुर गांव का दौरा किया। नागरिकों की समस्याओं को सुना और ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं जनसंवाद कार्यक्रम से जनता को कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ मिल रहा है। वर्तमान सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को आम जन तक तक पहुंचाना है। प्रदेश का कोई पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं से वंचित ना रहे, इसके लिए सैंकड़ों एलईडी वैन गांव-गांव में जा रही है। उन्होने कहा यात्रा का उद्देश्य केंद्र और राज्य की योजनाओं से हर व्यक्ति को जोड़ना है। साढ़े नौ सालों में केंद्र सरकार और 9 सालों में प्रदेश सरकार की जो योजनाएं बनी हैं अगर कोई व्यक्ति उनसे छूट गया है तो उन्हें योजनाओं से जोड़कर उन्हें लाभान्वित करना है। मोदी-मनोहर सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं को गरीब के घर तक पहुंचाना है। यह यात्रा प्रदेश में आगामी 26 जनवरी तक चलेगी।

# रूपावाली में बस सेवा बढ़ाने की मांग

- रोडवेज जीएम बोले : पंचायत लिखकर दे मांग जल्द होगी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल


**जाखल।** बस का इंतजार करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

गांव रूपावाली के ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव के लिए बस सेवा बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि उनके गांव से बस सेवा कम होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ती है। खासकर बस सेवा की कमी का खामियाजा छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ता है। रुपावली पंचायत समिति के सदस्य रामशरण व ग्रामीण तरसेम, तेलु, संदीप, राहुल, प्रिया आदि ने बताया कि उनके गांव में शाम के समय कोई बस ना आती है और न जाती है। ऐसे में गांव में कोई भी नौकरी या आसपास अन्य काम कर रहे लोगों को आने जाने में परेशानी होती है। यदि दोपहर बाद किसी को कोई मजबूरी हो जाए तो उन्हें समस्या का सामना करना पड़ता है।

गांव में कई ऐसे परिवार है जिनके पास स्वयं का कोई वाहन नहीं हैं। ऐसे में यदि कोई अचानक बीमार हो जाए तो मुश्किल बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि रुपावली गांव में सरकारी स्कूल पांचवी कक्षा तक है। इसलिए पांचवी के बाद शिक्षा के लिए छात्र छात्राओं को स्कूली शिक्षा के लिए गांव करंडी में जाना पड़ता है।

यहीं नहीं, उच्च शिक्षा के लिए छात्राओं को कॉलेज के लिए शहरों में आना जाना होता है। ऐसे में बस सेवा कम होने के कारण खासकर छात्राओं को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। शाम के समय घर वापसी के लिए छात्राएं दूसरे निजी वाहनों पर निर्भर रहती हैं। इससे लड़कियां स्वयं को असुरक्षित महसूस करती हैं। पंचायत समिति सदस्य रामशरण ने कहा कि शाम के समय बस सेवा शुरू होने से ग्रामीणों को बड़ी सहूलियत मिलेगी। ग्रामीणों ने मांग की कि उनके गांव में शाम के समय आवागमन के लिए बस सेवा को बढ़ाया जाए। इस बारे हरियाणा रोडवेज फतेहाबाद के जीएम शेर सिंह ने कहा कि गांव वासियों की मांग को देखते हुए अगर वास्तव में बस को बढ़ाने की मांग है तो पंचायत इसे लेकर लिखित मांग भेज सकती है। मांग के अनुसार इस रुट पर बस सेवा को जल्द ही शुरू करवा दी जाएगी।

### 25 उद्घोषित व 8 बेल जंपर किए गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिलाभर में उद्घोषित अपराधियों व बेल जम्परों की धरपकड़ को लेकर फतेहाबाद पुलिस द्वारा दिसम्बर माह में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के बीते पिछले 15 दिनों में पुलिस विभिन्न जगहों से 25 उद्घोषित अपराधियों व 8 बेल जम्परों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने इस अभियान को लेकर पुलिस टीमें गठित कर विशेष निर्देश दिए थे। इस अभियान के तहत लंबे समय से फरार चल रहे उद्घोषित अपराधियों को पकड़ने के लिए जिला और थाना स्तर पर अलग-अलग टीमें गठित की गई।

इस विशेष अभियान के सार्थक परिणाम आए और लंबे समय से फरार चल रहे कई आरोपियों को पकड़ा गया।

## विजय दिवस पर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि

# सैनिकों के शौर्य से प्रेरणा लेकर देशहित में दें योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा।** उपायुक्त पार्थ गुप्ता शहीदी स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित करते।

विजय दिवस पर शनिवार को लघुसचिवालय के सामने शहीदी स्मारक पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने शहीदी स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर नमन किया। जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारियों-कर्मचारियों, पूर्व सैनिकों सहित उपस्थित लोगों ने उपायुक्त के साथ वीर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और पुलिस टुकड़ी की ओर से शस्त्र झुका सलामी दी गई। उपायुक्त ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित करते हुए कहा कि हमें अपने वीर-जवानों के शौर्य व बलिदानों से प्रेरणा लेनी चाहिए। विशेषकर हमारी युवा शक्ति को अपनी ऊर्जा देश व समाज हित में लगानी चाहिए ताकि सभ्य व सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो सके।

उन्होंने बताया कि विजय दिवस 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध में भारत को मिली जीत की स्मृति में मनाया जाता है। 1971 में आज ही के दिन पाकिस्तान के करीब 93 हजार सैनिकों ने भारतीय सेना के 1500 सैनिकों के समक्ष आत्मसमर्पण किया था जो इतिहास में आज तक का सबसे बड़ा आत्मसमर्पण माना जाता है। इसके बाद ही पूर्वी पाकिस्तान को बांग्लादेश के रूप में नया राष्ट्र बनाया गया था। इस दौरान उपायुक्त ने उपस्थित पूर्व सैनिकों से विजय दिवस के संबंध में चर्चा करते हुए जानकारी ली।

पूर्व सैनिकों ने बताया कि 16 दिसंबर को 1971 के युद्ध में हमारे सैनिकों ने इतनी बहादुरी से लड़ाई लड़ी कि आखिर में 93 हजार सैनिकों के साथ पाकिस्तानी सेना ने आत्मसमर्पण कर दिया था। इस अवसर पर गुरसाहिब सिंह, शिवराज सिह, महेंद्र सिंह, सतीश कुमार, विकास, राजबीर, राजा राम, बलराज सिंह, ओमप्रकाश, लालचंद गोदारा, बछीतर सिंह, भीमचंद, लखविंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।



### न्यू सनराइज स्कूल के विद्यार्थियों ने किया अग्रोहा धाम का भ्रमण

**भूना।** न्यू सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल भूना के 111 विद्यार्थियों ने अग्रोहा धाम का भ्रमण किया। विद्यालय के डायरेक्टर अजय रेवड़ी, अकैडमिक डायरेक्टर धर्मपाल गोयल, स्कूल कमेटी के उपप्रधान संजय रेवड़ी व प्राचार्या नेहा रेवड़ी ने बताया कि इस? प्रकार के भ्रमण से विद्यार्थियों का मानसिक विकास भी होता है। इसके साथ ही उन्हें विभिन्न धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों के बारे में जानकारी भी मिलती है। गोयल ने विद्यार्थियों को अग्रोहा धाम व महाराजा अग्रसेन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक इमारतों बारे जानकारी प्राप्त की और धाम में बनी विशाल गुफा का भ्रमण भी किया। विद्यार्थियों ने नौका विहार झूलों का भी खूब आनंद लिया।